एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 7

PAGE NO : 6 MIDDLE

## सोबती ने जेपीएम और बासुबरल ने बेदी को हराया

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सेवन के नौवें दिन गुरुवार को तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सोबती पब्लिक स्कूल ने जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) स्कूल को 53 रन से हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल की टीमं को 17 रन से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।